




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 06 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 163 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# नेपाल में Gen-z का जोर

## बालेन शाह 92 सीटों पर आगे, ओली 4000 मतों से पीछे

● आम चुनाव में 60 प्रतिशत से ज्यादा हुई थी वोटिंग, नौ मार्च तक गिनती पूरी होने की उम्मीद

**काठमांडू।** नेपाल में आम चुनाव की मतगणना जारी है। 117 सीटों पर आए शुरुआती रुझानों में रैपर और काठमांडू के मेयर रहे बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 1 सीट जीतने के साथ 92 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं गगन थापा की पार्टी नेपाली कांग्रेस ने एक सीट जीत ली है, जबकि 8 सीटों पर आगे है। वहीं केपी शर्मा ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल 8 सीटों पर आगे है। केपी ओली खुद भी झापा-5 सीट पर बालेन शाह से करीब 4 हजार वोटों से पीछे चल रहे हैं। पिछले साल सितंबर में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद गुरुवार को हुए चुनाव में 60 प्रतिशत से ज्यादा लोगों ने वोट डाले। वोटों की गिनती में 3 से 4 दिन लगने की उम्मीद है। चुनाव आयोग ने कहा है कि 9 मार्च तक काउंटिंग पूरी करने की कोशिश की जाएगी। इस चुनाव में 65 पार्टियों के 3,400 से अधिक उम्मीदवार मैदान में हैं। शुरुआती रुझानों में रैपर से राजनेता बने बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) 62 सीटों पर आगे चल रही है। दूसरे नंबर पर नेपाली कांग्रेस 9 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं, केपी शर्मा ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल 3 और श्रम शक्ति पार्टी एक सीट पर बढ़त बनाए हुए है। मतगणना के बीच आरएसपी ने एक सीट पर जीत दर्ज कर ली है। झापा निर्वाचन क्षेत्र संख्या 5 में शुरुआती मतगणना के रुझान में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार बालेन शाह आगे चल रहे हैं। कमल ग्रामीण नगरपालिका के बसबारी स्कूल मतदान केंद्र (ए और बी) और गौरादहा ग्रामीण नगरपालिका के मोती स्कूल मतदान केंद्र (ए और बी) में डाले गए 1,400 मतों में से बालेन शाह को 814 वोट मिले हैं। वहीं, सीपीएन-यूएमएल के उम्मीदवार और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली 384 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।



## नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने से जेडीयू में नाराजगी, विरोध में लगाए गए पोस्टर



**पटना।** नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की खबर से जेडीयू कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। कई कार्यकर्ता इस फैसले से खुद को असहज महसूस कर रहे हैं। उनका मानना है कि नीतीश कुमार का बिहार की राजनीति में सक्रिय रहना जरूरी है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनके नेतृत्व में ही पार्टी मजबूत बनी रही है। इस वजह से वे चाहते हैं कि नीतीश कुमार अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। पार्टी के अंदर इस मुद्दे पर लगातार चर्चा जारी है। कार्यकर्ताओं की नाराजगी अब सड़कों और पोस्टरों के जरिए भी सामने आ रही है। पटना स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय के बाहर कई पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में मुख्यमंत्री से फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की गई है। पोस्टर में लिखा है, 'नीति सेवक कर रहा पुकार, नेता करें अपने निर्णय पर पुनः विचार।' इस संदेश के जरिए कार्यकर्ता अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। पोस्टर लगने के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया है।

## ट्रेलर और बस की टक्कर में 5 की मौत

**रायपुर।** रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर सिमगा के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है। ट्रेलर ने पैसेंजर बस को टक्कर मार दी है। इस हादसे में बस के परखच्चे उड़ गए। इस घटना में पांच लोगों की मौत की खबर सामने आई है। वहीं दर्जनभर से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों में दो पुरुष, दो बच्चे और एक महिला शामिल हैं। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक, हादसा लगभग सवा ग्यारह बजे हुआ। यात्री बस रायपुर से बिलासपुर की ओर जा रही थी कि तभी सिमगा से 10 किलोमीटर आगे दरचुरा मोड़ पर पीछे से ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मारी, जिससे बस हाईवे से नीचे जाकर पलट गई। घायलों को सिमगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया है। पुलिस एवं प्रशासन की टीम रेस्क्यू में जुटी है। सिमगा से दामाखेड़ा मार्ग पर दरचूरा के पास एक मोड़ पर हादसा हुआ है।


## कर्नाटक में 16 साल के बच्चे नहीं चला सकेंगे व्हाट्सएप-इंस्टाग्राम



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आज शुक्रवार, 6 मार्च को राज्य में मोबाइल इस्तेमाल के बुरे असर पर को कम करने के लिए एक बड़ा एलान किया है। मुख्यमंत्री ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया एक्सेस पर बैन लगाने की बात कही है। सीएम सिद्धारमैया ने फाइनेंशियल ईयर 2026-27 के लिए 4.48 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इस बजट में टेक्नोलॉजी से चलने वाली लर्निंग पहलों को रेगुलेटरी उपायों के साथ मिलाकर सुधारों का ऐलान किया गया है, ताकि बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा दी जा सके। सीएम सिद्धारमैया ने राज्य में 16 साल के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने की बात कही है। राज्य में जब यह नियम लागू होगा, तब कर्नाटक बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा।

## खामनेई की मौत को लेकर तनाव बरकरार

● इंटरनेट की स्पीड पर कसी गयी लगाम शिक्षण संस्थान बंद



**श्रीनगर।** ईरान के सर्वोच्च नेता खामनेई की हत्या के विरोध में कश्मीर घाटी में लगातार छठे दिन भी तनाव बना रहा, जिसके चलते प्रशासन ने सख्त पाबंदियां लागू कर दी हैं। संभावित प्रदर्शनों को देखते हुए सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ाई गई है, शिक्षण संस्थान बंद कर दिए गए हैं और इंटरनेट की स्पीड भी कम कर दी गई है। कश्मीर घाटी में शुक्रवार को लोगों की आवाजाही पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए गए। प्रशासन को आशंका है कि नमाज के बाद प्रदर्शन हो सकते हैं। अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त हमलों में खामनेई की मौत के विरोध में घाटी में पिछले छह दिनों से विरोध प्रदर्शन जारी हैं, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है।

## गिरावट के साथ खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 572 अंक टूटा, निफ्टी 24600 के नीचे



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक संघर्ष और विदेशी निधियों की निरंतर निकासी के बीच एक दिन की राहत के बाद शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी शेयर बाजारों में कमजोरी और एशियाई बाजारों में सुस्त रुझान ने भी बाजार की भावनाओं को प्रभावित किया। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 572.43 अंक गिरकर 79,443.47 पर आ गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 178.75 अंक गिरकर 24,587.15 पर पहुंच गया।

## धर्मगुरु पर टिप्पणी के बाद एमपी में बवाल

● थाने का घेराव, पत्थरबाजी के बाद पुलिस ने किया लाठी चार्ज



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के खंडवा में मोघट रोड थाने को घेर कर मुस्लिम समाज के युवकों ने जमकर हंगामा किया। ये विवाद एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर हुआ। मुस्लिम समाज के युवकों ने पुलिस थाने पर धरना दिया। पुलिस थाने के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने शिकायत दर्ज करने के बाद भी प्रदर्शन जारी रखा। इस भीड़ में एक युवती के साथ बदसलूकी भी हुई। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज भी किया। धर्मगुरु के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर सैकड़ों युवाओं की भीड़ ने मोघट थाने के सामने धरना दिया और पोस्ट शेयर करने वालों के खिलाफ तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस के शिकायत दर्ज करने के बाद भी भीड़ शांत नहीं हुई। भीड़ में शामिल लोग पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करती हुई थाने के अंदर घुस गए। इसके बाद पुलिस अधिकारियों से बहस शुरू हो गई।

## यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा का फाइनल रिजल्ट किया जारी



**नई दिल्ली।** यूपीएससी सिविल सेवा की परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवारों के लिए संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आज यानी 06 मार्च को फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया गया है। जो उम्मीदवार यूपीएससी की परीक्षा में शामिल हुए थे। वे उम्मीदवार अब यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अपना फाइनल रिजल्ट देख व डाउनलोड कर सकते हैं। यूपीएससी सीएसई का फाइनल रिजल्ट वेबसाइट पर पीडीएफ फॉर्मेट में डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है। यूपीएससी की ओर से मुख्य परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों के लिए 05 जनवरी से 27 फरवरी के बीच इंटरव्यू का आयोजन किया था। इसके साथ ही इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से कुल 979 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।






## सऊदी अरब ने पाकिस्तान को दी गद्दारी की सज़ा!

**नयी दिल्ली।** सऊदी अरब ने पाकिस्तान पर एक बहुत बड़ा आर्थिक एटम बम गिरा दिया है। ईरान ने कहा कि पाकिस्तान से सही समय पर बदला लिया जाएगा। लेकिन सऊदी अरब ने तो पाकिस्तान को गद्दारी की सजा दे भी दी है पाकिस्तान को एक बड़ा झटका देते हुए सऊदी अरब ने ऐलान किया है कि भविष्य में पाकिस्तान को पैसा सोच समझ कर ही दिया जाएगा। सऊदी अरब ने कहा कि अगर हम पाकिस्तान को पैसा देंगे तो उस पर अब कड़ी शर्तें लागू की जाएंगी।

# ईरान में 3000 घर तबाह, 1200 की मौत

## 14 अस्पताल भी हमलों में हो गए खंडहर, बिजली-पानी की भी मुसीबत

● बहरीन की राजधानी को बनाया निशाना

● कतर ने घुसपैठ कर रहे ड्रोन को मार गिराया

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज सातवां दिन है। इज़रायल-ईरान संघर्ष अब पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैल गया है। शुक्रवार को ईरान ने बहरीन की राजधानी मनामा को निशाना बनाया, जबकि कतर ने अपने हवाई क्षेत्र में घुसपैठ कर रहे ड्रोनों को मार गिराया। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल के हमलों से देशभर में 3000 से ज्यादा घरों और करीब 500 दुकानों को नुकसान पहुंचा है। इन हमलों का सबसे ज्यादा असर राजधानी तेहरान में हुआ है। संस्था के मुताबिक 14 अस्पताल और मेडिसिन सेंटर्स भी हमलों में क्षतिग्रस्त हुए हैं। संस्था ने यह भी बताया कि उसके 5 राहतकर्मी इन हमलों में घायल हुए हैं। इस जंग में अब तक ईरान के 1200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। इजराइली मीडिया ब्हू के मुताबिक, इजराइली हमले में करीब 300 ईरानी मिसाइल लॉन्चर्स तबाह हो गए हैं।

### ट्रम्प की सहमति के बिना नहीं चुना जाएगा ईरान का सुप्रीम लीडर!



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान को उनके बिना नया सुप्रीम लीडर नहीं चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए नेता के चयन में अमेरिका की भूमिका जरूरी है और बिना अमेरिका की भागीदारी के ऐसा करना वक्त की बर्बादी होगी।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 30.2°C
● तापमान न्यूनतम : 14.2°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.59
वाराणसी, 06 मार्च, शुक्रवार, 2026 (3)





शटल सुपरफास्ट एक्सप्रेस के उद्घाटन के मौके पर स्टांप मंत्री व अन्य।



फ्लोरेंस स्कूल में होली मिलन समारोह के दौरान उपस्थित बच्चे।

## शुभकामनाओं के बीच शिकायत, मासूम ने मंत्री को दिखाया आईना



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महमूरगंज स्थित प्रदेश के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु के कैम्प कार्यालय में 'होली मिलन समारोह' के अवसर पर जब जनता की भीड़ में शुभकामनायें दी जा रही थीं। उसी भीड़ के बीच सेंट जॉन्स स्कूल डीएलडब्लू की कक्षा एक की छात्रा भाविका डा. दयाशंकर मिश्र दयालु को संबोधित करते हुए कहा कि 'अंकल, स्कूल जाते और आते समय बहुत जाम मिलता है।' उस पल, होली मिलन समारोह केवल शुभकामनाओं का मंच नहीं रहा। वह एक दर्पण बन गया, जिसमें काशी ने अपने ही बचपन को जाम में खड़ा देखा।

# ब्याज माफ़ी में खेला

### ट्रक मालिक और एआरटीओ के बीच मिलीभगत का पर्दाफाश

● 50 प्रतिशत ब्याज माफ कराने पर 10 फीसदी और 75 प्रतिशत ब्याज माफ कराने पर 15 फीसदी रकम की वसूली की जा रही




**वाराणसी।** परिवहन विभाग में ब्याज माफी के नाम पर वसूली का एक गंभीर मामला सामने आया है। शासन ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) को बकाया टैक्स पर लगे ब्याज को माफ करने का अधिकार दिया था, लेकिन इसे कुछ लोगों ने मिलीभगत का जरिया बना लिया है। जानकारी के अनुसार, 50 प्रतिशत ब्याज माफ कराने पर 10 प्रतिशत और 75 प्रतिशत ब्याज माफ कराने पर 15 प्रतिशत की वसूली की जा रही है। इस प्रक्रिया में एक बाहरी व्यक्ति, जिसे दलाल कहा जा रहा है, एआरटीओ के कक्ष के बाहर बैठकर वसूली करता है। इस संदर्भ में एक ट्रक मालिक संतोष सिंह गोल्डेन का मामला सामने आया है। उनके ट्रक (यूपी-67-पी-8712) पर बकाया टैक्स पर 35,152 रुपये का ब्याज था। उन्होंने उप परिवहन आयुक्त (डीटीसी) भीमसेन सिंह और आरटीओ से ब्याज माफ करने की गुहार लगाई। अधिकारियों ने एआरटीओ को 50 प्रतिशत ब्याज माफ करने के निर्देश दिए, लेकिन एआरटीओ ने नियमों का हवाला देकर उनकी बात को नजरअंदाज कर दिया। परेशान ट्रक मालिक ने एआरटीओ के कक्ष के बाहर बैठे दलाल से संपर्क किया, जिसने उन्हें बताया कि वह 35,150 रुपये के ब्याज पर 50 प्रतिशत माफी दिला सकता है। इसके लिए उसने एक निश्चित राशि ली। इस पर ट्रक मालिक ने एआरटीओ को खरी-खोटी सुनाई और कहा कि दलाल, ट्रक मालिक और एआरटीओ से भी बड़ा है। एआरटीओ (प्रशासन) के पास यह विशेषाधिकार है कि वह बकाया टैक्स पर लगे ब्याज को माफ कर सकते हैं, लेकिन यह केवल उन गाड़ी मालिकों के लिए है जो गंभीर बीमारी या अन्य परिस्थितियों के कारण परिवहन कार्यालय नहीं पहुंच सकते। इसके लिए गाड़ी मालिक को मेडिकल रिपोर्ट और एक शपथपत्र देना होता है। यदि कोई गलत जानकारी या फर्जी मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

## आज संकल्प लेकर कल लखनऊ के लिए रवाना होगी शंकराचार्य की यात्रा

● कई जिलों से गुजरते हुए 10 मार्च को राजधानी में करेगी प्रवेश,

● 11 मार्च को होगा धर्मयुद्ध का शंखनाद



**वाराणासी।** गो माता को राज्य माता व बीफ का निर्यात उत्तर प्रदेश से पूर्ण प्रतिबंधित करने की मांग के समर्थन में धर्म युद्ध शंखनाद यात्रा की पूर्व संध्या पर शुक्रवार शाम केदारघाट पर छत्रपति शिवा जी की जयंती मनाकर संकल्प लेने के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के सानिध्य में यात्रा शनिवार प्रातः आठ बजे विद्यामठ से निकलेगी। संकट मोचन मंदिर में हनुमान चालीसा, हनुमानाष्टक, बजरंग बाण का पाठ करके सहभागी लखनऊ के लिए रवाना होंगे। बताया गया कि सात मार्च को यात्रा जौनपुर, रायबरेली, आठ मार्च को मोहनलालगंज, लालगंज, अचलगंज, उन्नाव, नौ मार्च को बांगर मऊ, बघौली, नैमिषारण्य, 10 मार्च को सिधौली, इटौंजा होते लखनऊ सीमा में प्रवेश करेगी। लखनऊ स्थित कांशीराम स्मृति सांस्कृतिक स्थल पासी किला चौराहा आशियाना में 11 मार्च को दोपहर 2.15 बजे धर्म युद्ध का शंखनाद किया जाएगा। इस दौरान मंगलाचरण, गोमय गणेश पूजन, गो ध्वज प्रतिष्ठा और धर्म युद्ध शंखनाद सहित विद्वान-संत व गो भक्त अपने विचार व्यक्त करेंगे।

# चालक को आयी झपकी, पलट गयी पिकअप



● मथुरा से दर्शन कर वापस लौट रहे श्रद्धालु, दस घायल

**वाराणसी।** वाराणसी के मिर्जामुराद थाना क्षेत्र में रूपापुर के पास नेशनल हाईवे 19 पर शुक्रवार सुबह करीब 4:30 बजे एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 10 लोग घायल हो गए। पिकअप में लगभग 20 से 25 श्रद्धालु सवार थे, जो मथुरा में होली खेलकर और दर्शन करने के बाद बिहार के भभुआ स्थित अपने गांव लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, पिकअप संख्या BR 45 GB 4022 प्रयागराज की ओर से आ रही थी। वाहन तेज रफ्तार में था, ड्राइवर को हल्की नींद आई और अचानक गाड़ी से नियंत्रण खो गया, जिससे पिकअप सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। घायलों में राजकुमार, गुड्डू, पुजारी, संगीता, उषा, विक्की और रामप्यारे सहित कुल 10 लोग शामिल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## शारजाह की उड़ानें रद

**वाराणसी (बाबतपुर)।** इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से शारजाह जाने वाली उड़ानें बीते शनिवार से लगातार रद हो रही हैं। यह स्थिति शुक्रवार को भी बनी रही, जब छठे दिन भी उक्त उड़ानें रद रहीं। अब यह स्पष्ट नहीं है कि उड़ानें फिर से शुरू होंगी या नहीं। विमानन कंपनियों ने शाम तक इस संबंध में कोई जानकारी देने की स्थिति में नहीं थीं। शारजाह से वाराणसी के बीच विमान सेवा का न चलना यात्रियों के लिए एक बड़ी समस्या बन गया है।

## शिवपुर स्टेशन पर भी अब रुकेगी वरुणा एक्सप्रेस, मंत्री ने दिखायी हरी झंडी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वरुणापार क्षेत्र के लोगों की लगातार मांग पर वाराणसी से लखनऊ चलने वाली शटल सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 20401 व लखनऊ से वाराणसी ट्रेन संख्या 20402 का शिवपुर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार से ठहराव शुरू हो गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने शुक्रवार को प्रातः 6:07 बजे शटल सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 20401 को शिवपुर स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर

## आल इंडिया बुनकर विकास मंच की बैठक सम्पन्न

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भेलूपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत बजरडीहा ऑटो स्टेट पर आल इंडिया बुनकर विकास मंच की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता बुनकर नेता अब्दुल कलाम एवं संचालन रमजान अली पंचरंगी ने किया। बैठक में गोरखपुर, मऊ, भदोही, खलीलाबाद, मिर्जापुर, चन्दौली सहित वाराणसी के सभी पदाधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर समस्त पदाधिकारियों की सहमति से कई प्रस्तावों को पारित किया गया। सिद्धांत नगर की खालदा खातून ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में कहा गया कि वाराणसी चौका घाट के अधिकारी व कर्मचारी फर्जी ढंग से कोआपरेटिव बनाते हैं जिसकी मुकम्मल जांच की जाए। बैठक में उपस्थित ठाकुर अजय सिंह ने कहा कि बुनकर समाज अब किसी भी प्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा।

# विशेष मीडिया टीम ने किया बरेका भ्रमण

### कर्नाटक से वाराणसी पहुंची टीम



● उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भारत सरकार के डेवलपमेंट कम्युनिकेशन एंड इंफॉर्मेशन डिसेमिनेशन कार्यक्रम के अंतर्गत जनकल्याणकारी नीतियों, विकासपरक योजनाओं एवं आधारभूत अवसंरचना सुदृढ़ीकरण की उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के उद्देश्य से मंगलवार को पत्र सूचना कार्यालय (PIB), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की 10 सदस्यीय विशेष मीडिया टीम ने बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) का विस्तृत भ्रमण किया। यह अंतरराज्यीय मीडिया दल करिश्मा पंत, सहायक निदेशक, पीआईबी बेंगलुरु के नेतृत्व में 'कर्नाटक' से 'उत्तर प्रदेश' आया।

## 13 मार्च को होगी धर्मगुरुओं की सेना भर्ती-रैली, वाराणसी के 78 अभ्यर्थी चयनित

● लिंक से प्रवेश पत्र डाऊनलोड करें

**वाराणसी।** वाराणसी सेना भर्ती कार्यालय द्वारा धर्मगुरु पद के लिए चयनित 78 अभ्यर्थियों की भर्ती रैली जबलपुर में 13 मार्च को होगी। इस बात की जानकारी वाराणसी रीजनल सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल शैलेश कुमार ने दी है। उन्होंने बताया-वाराणसी में लिखित परीक्षा के बाद 78 का चयन हुआ था। जिन्हे मेल द्वारा शेड्यूल भेज दिया गया है। कर्नल शैलेश कुमार ने बताया-सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर में सेना भर्ती आयोजित की गई है। इसकी सूचना मेल से सभी चयनितों को भेजी गई है। सभी चयनित अपने मेल को चेक कर लेना और वहां दिए गए लिंक से अपना प्रवेश पत्र भी डाऊनलोड कर लें। भर्ती रैली में सबसे पहले फिटनेस की परीक्षा ली जाएगी। इसमें अभ्यर्थियों को 1600 मीटर की दौड़ अधिकतम 7 मिनट के अंदर पूरी करनी होगी। इसके अलावा अन्य शारीरिक मानकों और फिटनेस से जुड़े परीक्षण भी होंगे।

## होली के दिन मुख्य सफाई निरीक्षक का निधन निगम में शोक, कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम के मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक (सीएसएफआई) ओम नारायण राठौर का ऐन होली के दिन बुधवार (04 मार्च ) को आकस्मिक निधन हो गया। हेरिटेज मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही नगर निगम में शोक की लहर दौड़ गई। मुख्यालय में गुरुवार को नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी गई। शोक सभा में अपर नगर आयुक्त सविता यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 एस के चौधरी, समस्त स्वास्थ्य निरीक्षक सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।




# लीलाधर संग खेली फूलों की होली



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** श्याम मंडल की ओर से लक्सा स्थित श्याम मंदिर में होली पर बुधवार को समाज की महिलाएं पुरुष बच्चे प्रभु संग गुलाब की पंखुड़ियों से होली खेली। सायंकाल 5:00 बजे स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। राजेश तुलस्यान, चंदन तोदी श्यामसुंदर गाड़ोदिया, पंकज तोदी संदीप शर्मा कानू अशोक कानोड़िया, प्रवीण माखरिया, सुरेश तुलस्यान ढोल ढप्प की थाप पर नाचते रहे। महिलाएं गुलाब की पंखुड़ियां से होली खेलती रहीं। प्रभु को ठंडई का लगा भोग भक्तों में वितरण हुआ चाट का भी लोगों ने आनंद उठाया रात्रि में मंदिर के पुजारी संजय ने प्रभु की उतारी आरती।

● ठण्डई का लगा भोग, लोगों ने चाट का भी आनंद उठाया

## होली पर शंकराचार्य से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने लिया आशीर्वाद



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** होली के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय विद्यामठ पहुँचकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किए। उन्होंने स्वामीजी का आशीर्वाद लेते हुए सनातन धर्म की परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों की रक्षा के लिए संत समाज की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, प्रजानाथ शर्मा, प्रमोद पांडेय, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, चंचल शर्मा, सतनाम सिंह,मनीष मोरोलिया, सुनील श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह, राजीव गौतम,संतोष चौरसिया, सुनील राय, घनश्याम सिंह, अजय सिंह, मनोज वर्मा, विपिन पाल, सदानंद, नित्यानंद, आशिष तिवारी, शशि सोनकर समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## सुल्तानपुर समाचार

### मामूली कहासुनी में चलीं गोलियां, युवक की मौत



**भदैंया (सुल्तानपुर)।** कोतवाली देहात के जनऊपुर गांव में बृहस्पतिवार दोपहर बाद बच्चों के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। कहासुनी के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से एक पक्ष के मोहित सोनकर (32) की मौत हो गई, जबकि उनके बड़े भाई मंगल सोनकर (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के बाद हमलावर मौके से भाग निकले। मेडिकल कॉलेज पहुंचीं पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने बताया कि जनऊपुर गांव निवासी वीरेंद्र सोनकर होमगार्ड हैं। उनका पड़ोसी रमेश सोनकर के परिवार से पहले से विवाद चल रहा है। बृहस्पतिवार सुबह दोनों पक्षों के बच्चों के बीच किसी बात पर झगड़ा हुआ था। तब मामला मामला शांत हो गया था लेकिन दोपहर बाद फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर रमेश सोनकर के पुत्र भोलू सोनकर ने असलहे से फायरिंग शुरू कर दी। आरोपी ने पांच राउंड फायर किए। इस बीच दो गोली मोहित के सीने में लग गई,

## प्रयागराज समाचार

### नेपाल की महिला फंदे पर लटकी मिली

**प्रयागराज।** कैंट इलाके में नेपाल की रहने वाली 33 वर्षीय महिला का शव संदिग्ध हाल में फंदे से लटका मिला। वह पिछले दो साल से एक युवक के साथ लिव-इन में रह रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उसकी मौत कैसे हुई। साथ रहने वाला युवक भी स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। महिला का नाम किरण चौधरी (33) बताया गया है। पुलिस के मुताबिक वह प्रियांशु तिवारी नाम के युवक के साथ लिव-इन में रहती थी। प्रियांशु ड्राइवर का काम करता है। उसने बताया कि पहले महिला कानपुर में रहती थी। करीब दो साल पहले इंस्टाग्राम के जरिए दोनों का संपर्क हुआ था।

## चंदौली समाचार

### फार्म हाउस पर सोए युवक की गोली मारकर हत्या



**कंदवा (चंदौली)।** क्षेत्र के जलालपुर गांव में बृहस्पतिवार की दोपहर करीब ढाई बजे बदमाशों ने फार्म हाउस में सो रहे विशाल सिंह (27) की कनपटी पर पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद बदमाश खेतों के रास्ते भाग गए। सबूत मिटाने के लिए वे फार्म हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी उठा ले गए। सूचना मिलने पर कंदवा, चंदौली और धीना थाने की फोर्स मौके पर पहुंच गई। घटना से नाराज लोगों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से पुलिस को रोक दिया। तीन घंटे बाद किसी तरह लोग माने। घटना की वजह का पता नहीं चल सका है। जलालपुर गांव निवासी अजीत सिंह क्षेत्र के बड़े काश्तकार थे। उनके दो पुत्र विवेक सिंह (33) के अलावा विशाल सिंह (27) थे। विशाल सिंह पिता की खेती संभालते थे। इसी दौरान बदमाश वहां पहुंचे और कनपटी पर पिस्टल से गोली मार दी। इससे मौके पर ही विशाल की मौत हो गई। फार्म हाउस के कर्मचारियों ने घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को दी। देखते ही देखते भीड़ जुट गई। इस घटना के बाद से लोगों में नाराजगी फैल गई। परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाए। सीओ सदर देवेंद्र कुमार ने लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन लोग नहीं माने। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजने की कोशिश की लेकिन परिजनों ने रोक दिया।

## मऊ समाचार

### विवाद के बाद पति ने फंदा लगाकर दी जान, परिजनों ने पत्नी को शव नहीं छूने दिया

**मऊ।** पत्नी से विवाद के बाद मधुबन थाना क्षेत्र के कमना रामपुर गांव निवासी उमेश कुमार (30) ने बुधवार की शाम फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पत्नी को मौत का कारण बताते हुए परिजनों ने शव छूने से मना कर दिया। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को जिला अस्पताल भेजवा दिया। उमेश के पिता तुफानी ने बताया कि उनकी बहू दुबारी में रहकर वेटर का काम करती है। होली के दिन वो घर नहीं आई थी। बुधवार की शाम उमेश कुमार ने फोन पर अपनी पत्नी से बात की। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद से आहत होकर उमेश घर से निकल गए और गांव के सिवान में एक पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## जौनपुर समाचार

### स्कूटी से चाय पीने निकले बस चालक की हत्या



**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र में बुधवार शाम 'रोड रेज' की एक बड़ी वारदात सामने आई है। मामूली बात पर उपजे विवाद में एक कार सवार ने अपने साथियों के साथ मिलकर स्कूटी सवार बस चालक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मुख्य आरोपी के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मूल रूप से रैभानीपुर निवासी ललई यादव (55) परिवहन निगम की अनुबंधित बस चलाते थे और पिछले सात वर्षों से मियांपुर में किराये पर रह रहे थे। बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह स्कूटी से चाय पीने निकले थे। मियांपुर बिजली ऑफिस के पास उनकी स्कूटी हुसेनाबाद निवासी शास्वत सिंह की कार से हल्की सी छू गई।

मृतक के बेटे राजन यादव की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार कार से स्कूटी छूते ही शास्वत सिंह और उसके साथी आगबबूला हो गए। आरोपियों ने ललई यादव को घेरकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि शास्वत ने सड़क पर गिरे ललई की गर्दन पर पैर रखकर दबा दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से भाग गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे चार विवाहित बेटे और एक अविवाहित बेटी छोड़ गए हैं। सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर नामजद आरोपी शास्वत सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बलिया समाचार

### बीएसएफ जवान को सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

**भीमपुरा।** थाना क्षेत्र के सवापार गांव निवासी बीएसएफ के जवान अनिल सिंह (56) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर बृहस्पतिवार को गांव पहुंचते ही शोक की लहर दौड़ गई। अनिल सिंह सीमा सुरक्षा बल की 95वीं बटालियन के गुरुग्राम में तैनात थे। तीन मार्च को इलाज के दौरान नारायणा अस्पताल में निधन हो गया। बीएसएफ कमांडर संत राम मौर्या बृहस्पतिवार की सुबह जवान के पार्थिव शरीर को लेकर भीमपुरा थाने पर पहुंचे। जहां से थानाध्यक्ष अखिलेश चंद्र पांडेय की मौजूदगी में पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव सवापार पहुंचाया गया। वह अपने पीछे पत्नी सुशीला देवी, तीन पुत्र अमरीश, अवनीश व अंकित सिंह और एक बेटी लक्की सिंह को छोड़ गए हैं। जवान का अंतिम संस्कार दोहरीघाट स्थित मुक्तिधाम तट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। बीएसएफ जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी।

## मीरजापुर समाचार

### कांस्टेबल को कांस्य पदक: टकरा में किया बेहतरीन प्रदर्शन, मिला प्रमोशन



**मीरजापुर।** जनपद की महिला आरक्षी जया श्रीवास्तव ने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। उन्हें ऑल इंडिया पुलिस प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने पर पदोन्नत किया गया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में जया श्रीवास्तव को सम्मानित किया।

पुलिस अधीक्षक ने महिला आरक्षी जया श्रीवास्तव को ऑल इंडिया पुलिस प्रतियोगिता (गेम–सेपक टकरा) में कांस्य पदक जीतने के उपलक्ष्य में आरक्षी से मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नत किया। उन्होंने जया के कंधों पर पद प्रतीक चिह्न लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

पुलिस अधीक्षक ने जया श्रीवास्तव की इस उपलब्धि को जनपद पुलिस के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि विभाग खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करता है, जिससे अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने जया की मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारियों और पुलिसकार्मियों ने भी जया श्रीवास्तव को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान पुलिस विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### लालगंज के गंगहरा कला में होली मिलन समारोह



**मीरजापुर।** लालगंज क्षेत्र के गंगहरा कला गांव में एक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कुमार दुबे के आवास पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर गांव के सभी लोग उपस्थित रहे और उन्होंने ढोल-नगाड़ों के साथ उत्साहपूर्वक रंगों का यह त्योहार मनाया। होली का यह पर्व फाल्गुन मास की अंतिम पूर्णिमा को मनाया जाता है। इसे बुराई पर अच्छाई की जीत और राधा-कृष्ण के प्रेम का प्रतीक माना जाता है। ग्रामीण सदियों से इस परंपरा का निर्वहन करते आ रहे हैं। समारोह में कई प्रमुख हस्तियां और ग्रामीण शामिल हुए। इनमें पूर्व बीडीसी सुरेंद्र कुमार दुबे, सुरेश यादव, विजय अनिल दुबे, रजनीश, सुरेंद्र कुमार चतुर्वेदी, सत्यदेव यादव, रामनारायण पांडे, कृष्ण कुमार दुबे, दिनेश कुमार दुबे और रामगोपाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## देवरिया समाचार

### होली के उल्लास के बीच हादसों में सिपाही समेत तीन की मौत

**देवरिया।** जिले में अगल-अलग सड़क हादसों में बुजुर्ग समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि प्रधान समेत चार लोग घायल हो गए। जिनका इलाज चल रहा है।

उधर, गोरखपुर के एडीजी ऑफिस में रिजर्व ड्यूटी पूरी कर होली मनाने घर लौटते समय माड़ापार के पास बुधवार को अपराह्न सड़क हादसे में एक कांस्टेबल की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम सोहनरिया के चिउटहा टोला निवासी विवेक सिंह रूप में हुई।

बाइक की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत : भाटपाररानी प्रतिनिधि के अनुसार थानाअंतर्गत सलेमपुर-मैरवा मार्ग पर खोरहवां चौराहा के समीप बुधवार को बाइक की चपेट में आने से एक 75 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को विधिक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## आजमगढ़ समाचार

### होली के दिन 9 घंटे में चार हादसों में मां-बेटे समेत पांच की मौत, 14 घायल



**बलरामपुर।** होली के दिन जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्र में 9 घंटे में हुए चार सड़क हादसों में बाइक सवार मां-बेटे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। 14 लोग घायल हो गए। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी मनीषा अपने आठ माह के पुत्र श्रेयांश की तबीयत खराब होने के कारण इन दिनों वह अपने पिता के घर बिलरियागंज के श्रीनगर गई हुई थी। होली के दिन श्रेयांश की तबीयत अचानक ज्यादा खराब हो गई। मनीषा सुबह 10 बजे भाई संदीप के साथ पुत्र को लेकर बाइक से आजमगढ़ दवा लेने के लिए आ रही थी। कंधरापुर थाना क्षेत्र के आजमपुर चकिया मोड़ के पास पहुंची थी कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। इससे तीनों एक-दूसरे के विपरीत दिशा में जा गिरे। घटना के बाद चालक कार छोड़कर भाग गया। लोग तीनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गए। वहां डाक्टर ने मनीषा और उसके पुत्र श्रेयांश को मृत घोषित कर दिया। संदीप की हालत गंभीर देखते हुए इलाज के लिए भर्ती किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल के लिए थाने ले आई। थानाध्यक्ष सुनील दुबे ने बताया कि घायल की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

## गाजीपुर समाचार

### दीनापुर के युवक की सूरत में हत्या

**गाजीपुर।** करंडा थाना क्षेत्र के दीनापुर के युवक की बुधवार को होली खेलते समय गुजरात के सूरत में आरोपियों ने धारदार हथियार से वारकर हत्या कर दी। सूचना मिलते ही परिजन रोने-बिलखने लगे। परिजन शव आने का इंतजार कर रहे हैं। दीनापुर के पलटू बिंद ने बताया कि उनका पुत्र राजकुमार उर्फ रामधन (25) गुजरात के सूरत में रंगाई-पुताई का कार्य करता था। उसके साथ गांव के और कई लड़के मजदूरी करने वहां गए हैं। काम अधिक होने के कारण रामधन और उसके साथी होली में भी घर नहीं आ सके। होली मनाने के लिए सूरत में रह रहे गांव के युवक डीजे सहित संगीत के अन्य उपकरण लगाकर होली खेल रहे थे। दोपहर करीब 2.30 बजे शराब के नशे में धुत्त मराठी युवक रामधन और उसके साथियों से उलझ गए। गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया।

## सोनभद्र समाचार

### कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर की गयी बैठक, अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्री बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 की तैयारियों तथा उसके प्रथम चरण के कार्यों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना के प्रारंभिक कार्यों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। सभी अधिकारियों को जनगणना के प्रथम चरण से संबंधित प्रक्रियाओं और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनगणना निदेशालय की ओर से आईं प्रियासा सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत किए जाने वाले मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि इस बार की जनगणना पूर्णतया डिजिटल जनगणना होगी। उन्होंने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी चरण में प्रत्येक क्षेत्र में स्थित भवनों और मकानों की सही-सही पहचान और सूचीकरण किया जाता है, जो आगे होने वाली जनगणना की प्रक्रिया का आधार बनता है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को चरणबद्ध तरीके से यह बताया गया कि मकान सूचीकरण कैसे किया जाएगा, किस प्रकार प्रत्येक भवन की जानकारी दर्ज की जाएगी तथा किन-किन बिंदुओं का विशेष ध्यान रखना होगा। इसके साथ ही डिजिटल माध्यमों के उपयोग, डाटा की शुद्धता, सर्वेक्षण के दौरान सावधानियों और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और इसमें सभी संबंधित अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

## भदोही समाचार

### फंदे पर लटका मिला पीडब्ल्यूडी कर्मचारी, प्रेम प्रपंच में हत्या की आशंका, प्रेमिका और भाई पर आरोप



**भदोही।** कोतवाली के रामपुर घाट के पास एक पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटकता शव मिला। घटना के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। परिजनों का आरोप है कि उसकी प्रेमिका और उसकी भाई ने युवक की हत्या की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। रामपुर घाट निवासी सुरेंद्र वर्मा (30) पुत्र स्व. लल्लन पीडब्ल्यूडी में कर्मचारी हैं। देर रात गांव के बाहर उसके खुद के मकान के एक कमरे में फंदे पर उसका शव मिलने की सूचना मिली। घटना की जानकारी होते ही सनसनी मच गई। परिजनों ने आनन-फानन में उसे फंदे से उतार कर निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक मृत घोषित किए। मृतक के भाई जितेंद्र वर्मा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई।

आरोप लगाया कि रात्रि के लगभग 12:30 बजे के करीब पड़ोसी से उसे जानकारी मिली कि उसका भाई अपने कमरे में फांसी के फंदे पर झूला है। पड़ोसियों से उसे ज्ञात हुआ कि गांव की ही एक युवती जिससे उसके भाई का प्रेम प्रपंच चल रहा था। वह और उसकी मां उसके भाई के फांसी के फंदे पर झूलने की सूचना पड़ोसियों को देकर चली गई थी।

भाई ने आरोप लगाया कि उसे आशंका है कि उसके भाई की प्रेमिका और उसकी मां के द्वारा ही घटना को अंजाम दिया गया है।

## गोरखपुर समाचार

### फॉर्च्यूनर की टक्कर से डॉक्टर के भाई की भी मौत





**गोरखपुर।** मोहद्दीपुर-कौवाबाग ओवरब्रिज पर बेकाबू फॉर्च्यूनर की चपेट में आए डॉक्टर के भाई उमेश शर्मा (50) की भी देर रात एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह रात में शाहपुर में रहने वाली बहन से होली मिलकर स्कूटी से घर वापस आ रहे थे। रास्ते में बेकाबू ब्लैक फॉर्च्यूनर की चपेट में आकर वह कोमा में चले गए थे। जिसके बाद उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। गुरुवार की देर रात उनकी मौत हो गई। चार मार्च होली के दिन बेकाबू फॉर्च्यूनर की टक्कर से MBBS छात्र आकाश पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई थी।

घटना के बाद छात्र की लाश रेलिंग पर 30 मिनट तक लटकी रही थी। वहीं फॉर्च्यूनर की चपेट में आए उमेश शर्मा को एम्स में भर्ती कराया गया था। गीता वाटिका के पास रहने वाले नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश कुमार शर्मा ने शाहपुर थाने में तहरीर दी है। डॉक्टर ने बताया कि मेरे भाई प्राइवेट जॉब करते थे। उनकी पत्नी और दो बच्चे एक लड़का और लड़की है। होली के दिन बड़े भाई शाहपुर में रहने वाली बहन के घर गए थे। वहां से होली मिलकर रात करीब 9:30 बजे वह घर के लिए स्कूटी से निकले। वह मोहद्दीपुर-कौवाबाग के पास पहुंचे थे। तभी रांग साइड से एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर लहराते हुए आई और उमेश शर्मा की गाड़ी में टक्कर मार दी। जिससे वह उड़कर रेलिंग से जाकर लड़कर गिर गए। उन्हें गंभीर चोट आई थी। घटना के बाद से ही वह कोमा में चले गए थे। मीडिया में चल रही खबरों से फॉर्च्यूनर चालक गोल्डेन साहनी का पता चला। गोरखपुर में बेकाबू फॉर्च्यूनर की टक्कर से स्कूटी सवार MBBS छात्र की मौत हो गई। छात्र होली पर दोस्त के घर गया था। रात में खाना खाकर हॉस्टल जा रहा था। ओवरब्रिज पर फॉर्च्यूनर ने स्कूटी में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छात्र हवा में उछला और 15 मीटर दूर ओवरब्रिज की रेलिंग से टकराकर औंधे मुंह लटक गया। आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और ओवरब्रिज पर भीड़ लग गई।

## लाइफ मंत्र

### 15 मार्च से 13 अप्रैल तक रहेगा खरमास

इस बार खरमास (मलमास) का महीना 15 मार्च से शुरू होगा। जो 13 अप्रैल 2026 को समाप्त होगा। इस दौरान विवाह, सगाई, यज्ञ, गृह प्रवेश आदि शुभ कार्य नहीं होंगे। साथ ही नया घर या वाहन आदि खरीदना भी वर्जित हैं। ऐसा माना जाता है कि इस माह में सूर्य की गति धीमी हो जाती है। जिस कारण कोई भी शुभ काम सफल नहीं होते हैं। शास्त्रों में खरमास का महीना शुभ नहीं माना गया है। इस अवधि में मांगलिक कार्य करना प्रतिबंधित है। साथ ही कुछ नियमों का पालन करने के लिए भी कहा गया है। ज्योतिष शास्त्र और हिंदू धर्म में खरमास को बहुत ही अशुभ माना जाता है। इस दौरान कोई भी शादी-विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। खरमास पूरे एक माह तक रहता है। 15 मार्च से खरमास शुरू होगा जो 13 अप्रैल 2026 को मेष संक्रांति के दिन समाप्त हो जाएगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य देव के एक राशि से दूसरे राशि में स्थान बदलने की प्रक्रिया को संक्रांति कहते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पूरे एक वर्ष में दो बार ऐसा मौका आता है। जब खरमास लगता है। एक खरमास मध्य मार्च से मध्य अप्रैल के बीच और दूसरा खरमास मध्य दिसंबर से मध्य जनवरी तक होता है। खरमास के दौरान शादी-विवाह आदि कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किया जाता है। किसी भी नए कार्य की शुरूआत के लिए भी खरमास को अशुभ माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार खरमास पूजा-अर्चना के लिए शुभ माना गया है। इस पूरे माह में सूर्य देव की पूजा का फल बताया गया है। खरमास के पूरे माह में सूर्य देव को तांबे के पात्र से अर्घ्य देना चाहिए। सूर्य पाठ और सूर्य के मंत्रों का जाप करना चाहिए। खरमास में तामसिक भोजन का सेवन न करें। शराब आदि का भी सेवन नहीं करना चाहिए। तांबे के पात्र रखा पानी नहीं पीना चाहिए। इस मास में कोई भी नई वस्तुएं और वाहन नहीं खरीदनें चाहिए। गृह प्रवेश आदि शुभ कार्य नहीं करना चाहिए। कोई भी नया कोराबार इस अवधि में नहीं शुरू करना चाहिए।



**15 मार्च से होगा खरमास प्रारंभ**

पंचांग के अनुसार, 15 मार्च को सूर्य देव मीन राशि में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही खरमास की शुरुआत हो जाएगी। सूर्य देव 13 अप्रैल तक मीन राशि में रहेंगे। इस अवधि में खरमास रहेगा। राशि चक्र की अंतिम राशि मीन है और जब सूर्य मीन राशि में प्रवेश करता है तो खरमास माना जाता है।

**13 अप्रैल को होगा खरमास समापन**

15 मार्च से प्रारंभ हो रहे खरमास का समापन 13 अप्रैल को होगा। पंचांग के अनुसार, 15 मार्च को सूर्य देव मीन राशि में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही खरमास की शुरुआत हो जाएगी। सूर्य देव 13 अप्रैल तक मीन राशि में रहेंगे। इस अवधि में खरमास रहेगा।

**मांगलिक कार्य करना वर्जित**

धार्मिक और ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, खरमास को शुभ नहीं माना जाता है। इसलिए इस माह के दौरान कोई भी शुभ, मांगलिक कार्य करना वर्जित माना जाता है। इस दौरान हिंदू धर्म में बताए गए संस्कार, जैसे मुंडन संस्कार, यज्ञोपवीत, नामकरण, गृह प्रवेश, गृह निर्माण, नए व्यापार का आरंभ, वधू प्रवेश, सगाई, विवाह आदि कोई भी कार्य नहीं किया जाता है।

**साल में दो बार लगता है खरमास**

ज्योतिष के अनुसार, साल में दो बार खरमास लगता है। जब सूर्य मार्गी होते हुए बारह राशियों में एक राशि से दूसरी राशि में भ्रमण करते हैं तो इस दौरान बृहस्पति के आधिपत्य वाली राशि धनु और मीन में जब सूर्य का प्रवेश होता है तो खरमास लगता है। इस तरह से मार्च माह मंर जब सूर्य मीन में प्रवेश करते हैं तब खरमास लगता है तो वहीं दिसंबर में जब सूर्य धनु में प्रवेश करते हैं तब खरमास लगता है। इस समय सूर्य की उपासना करने का विशेष महत्व माना जाता है। खासतौर पर जिनकी कुंडली में सूर्य कमजोर स्थिति में हो उन्हें खरमास के दौरान सूर्य उपासना अवश्य करनी चाहिए।

**क्यों बंद होते हैं शुभ कार्य**

गुरु देव बृहस्पति धनु राशि के स्वामी हैं। बृहस्पति का अपनी ही राशि में प्रवेश इंसान के लिए अच्छा नहीं होता है। ऐसा होने पर लोगों की कुंडली में सूर्य कमजोर पड़ जाता है। इस राशि में सूर्य के कमजोर होने कारण इसे मलमास कहते हैं। ऐसा कहा जाता है कि खरमास में सूर्य का स्वभाव उग्र हो जाता है। सूर्य के कमजोर स्थिति में होने की वजह से इस महीने शुभ कार्यों पर पाबंदी लग जाती है।

**इन बातों का रखें ध्यान**

खरमास में शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। इस समय अगर विवाह किया जाए तो भावनात्मक और शारीरिक सुख दोनों नहीं मिलते हैं। इस समय मकान का निर्माण या संपत्ति की खरीदारी वर्जित होती है। इस दौरान बनाए गए मकान आमतौर पर कमजोर होते हैं और उनसे निवास का सुख नहीं मिल पाता है। खरमास में नया कार्य या व्यापार शुरू न करें। इससे व्यापार में शुभ फलों के प्राप्त होने की संभावना बहुत कम हो जाती है। इस दौरान द्विरागमन, कर्णवेध और मुंडन जैसे कार्य भी वर्जित होते हैं क्योंकि इस अवधि के किए गए कार्यों से रिश्तों के खराब होने की सम्भावना होती है। इस महीने धार्मिक अनुष्ठान न करें। हर रोज किए जाने वाले अनुष्ठान कर सकते हैं।

**खरमास की कथा**

पौराणिक कथा के अनुसार भगवान सूर्यदेव अपने सात घोड़ों के रथ पर सवार होकर ब्रह्मांड की परिक्रमा करते हैं। सूर्यदेव को कहीं रुकने की अनुमति नहीं है, लेकिन रथ से जुड़े घोड़े लगातार दौड़ने और आराम न करने के कारण थक जाते हैं। घोड़ों की ऐसी हालत देखकर एक बार सूरज देवता का मन द्रवित हो गया। जिसके बाद वे घोड़ों को तालाब के किनारे ले गए। उन्हें यह आभास हुआ कि रथ रुक गया तो अनहोनी हो जाएगी। तब सूर्यदेव ने घोड़ों को पानी पीने और आराम करने के लिए वहीं छोड़ दिया। वह रथ में गधों को जोड़ा। गधों को सूरज देवता का रथ खींचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान रथ की गति धीमी हो जाती है। सूर्य देव एक माह में चक्र पूरा करते हैं।

# Uttarakhand का 'मिनी स्विट्ज़रलैंड', जानिए क्यों है ये Nature Lovers की पहली पसंद



चोपता को लोग 'मिनी स्विट्ज़रलैंड' के नाम से भी जाना जाता है। यहां आने के बाद ऐसा लगता है कि जैसे वक्त थोड़ी देर के लिए थम गया है। यही कारण है कि नेचर फोटोग्राफी, सुकून और पहाड़ों से प्यार करने वाले लोगों के लिए चोपता एक परफेक्ट जगह है। भारत में घूमने-फिरने के लिए कई जगहें मौजूद हैं। किसी को हिल स्टेशन पसंद है, तो किसी को बीच पर चिल करना अच्छा लगता है। सर्दी हो या गर्मी पहाड़ों पर तो आपको हमेशा ही भीड़ देखने को मिलेगी। उत्तराखंड एक ऐसा राज्य है, जहां पर घूमने के लिए आपको कई शानदार जगहें मिल जाएंगी। उत्तराखंड का चोपता नेचर लवर्स के लिए स्वर्ग से कम नहीं है। चोपता की खूबसूरती देखने लायक होती है। चोपता को लोग 'मिनी स्विट्ज़रलैंड' के नाम से भी जाना जाता है। यहां आने के बाद ऐसा लगता है कि जैसे वक्त थोड़ी देर के लिए थम गया है। यही कारण है कि नेचर फोटोग्राफी, सुकून और पहाड़ों से प्यार करने वाले लोगों के लिए चोपता एक परफेक्ट जगह है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि चोपता को नेचर लवर्स पैराडाइज क्यों कहा जाता है।

**जानिए कहां है चोपता**

चोपता उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। केदारनाथ से करीब 80 किमी दूरी पर स्थित है। औली से इसकी दूरी करीब 148 किमी है। यहां जाने का रास्ता बेहद खूबसूरत है। कोई भी इस रास्ते से जाता है, तो यहां की वादियों में खो जाता है।

**एडवेंचर लवर्स के लिए है बेहद खास**

चोपता, केदारनाथ वाइल्ड लाइफ सेंचुरी का हिस्सा है। यहां पर आप दोस्तों के साथ कैंपिंग कर सकती हैं। लेकिन इसके लिए आपको फॉरेस्ट डिपार्टमेंट से परमिशन लेना जरूरी है। यही जगह तुंगनाथ ट्रेक की शुरूआत भी मानी जाती है। तुंगनाथ दुनिया का सबसे ऊंचाई पर स्थित शिव मंदिर है। इसके आगे चंद्रशिला ट्रेक है, जोकि करीब 4000 मीटर की ऊंचाई पर है। आप यहां से सनराइज और सनसेट का नजारा देख सकते हैं।

**नेचुरल ब्यूटी**

बता दें कि चोपता की सबसे बड़ी पहचान यहां के हरे-भरे घास के मैदान हैं। इसको बुग्याल कहा जाता है अगर आप यहां आते हैं तो चरवाहे अपने भेड़ों के साथ नजर आएंगे। हरियाली, खुला आसमान और शांति यहां पर आपको जन्नत का एहसास कराएगी।

**शानदार नजारा**

चोपता से हिमालय की कई खूबसूरत चोटियां साफ नजर आती हैं। यहाँ से आप नंदा देवी, नीलकंठ, त्रिशूल, गणेश पर्वत और नीलकंठ जैसी कई चोटियों के दर्शन कर सकती हैं। जब सुबह के समय धूप निकलती है, तो इन चोटियों की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है।

**वाइल्डलाइफ और बर्ड लवर्स के लिए स्वर्ग**

अगर आप भी 'वाइल्ड लाइफ लवर्स' हैं, तो चोपता आपके लिए एकदम सही जगह है। आपको यहां पर तेंदुए देखने को मिलेंगे। वहीं गांव के कुत्तों के गले में खास तरह के कॉलर लगाए जाते हैं। जिससे कि उनकी सुरक्षा हो सके। बर्ड लवर्स के लिए भी चोपता सही है। यहां पर आपको 240 से अधिक पक्षी देखने को मिलेंगे।

**चोपता घूमने का समय**

चोपता जाने के लिए आप अप्रैल से लेकर जून और सितंबर से लेकर नवंबर का समय सबसे अच्छा माना जाता है। मानसून में यहां लैंडस्लाइड का खतरा होता है।



# Couples के लिए 'धरती का स्वर्ग' है Kerala, Houseboat में बिताएं जिंदगी के सबसे Romantic पल

**हाउसबोट एक लग्जरी नाव होती है, जो केरल के बैकवॉटर्स में तैरती है। इसमें आपको होटल जैसी सुविधाएं मिलती हैं। हाउसबोट में बाथरूम, बेडरूम, डाइनिंग एरिया और कभी-कभी प्राइवेट बालकनी भी मिलती है। आपको सबसे फेमस हाउसबोट स्टे अलेप्पी और कुमारकोम में मिलता है।**

अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ रोमांस, शांति और नेचर की गोद में कुछ खास पल बिताना चाहते हैं। तो केरल का हाउसबोट स्टे आपके लिए ड्रीम डेस्टिनेशन साबित हो सकता है। केरल को ईश्वर के देश के नाम से जाना जाता है। यहां का बैकवॉटर्स, हरियाली और हाउसबोट का एक्सपीरियंस किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं लगता है। ऐसे में अगर आप अपने रिश्ते में रोमांस, नई ताजगी और सुकून चाहते हैं, तो केरल का हाउसबोट स्टे एक परफेक्ट ऑप्शन है। यह सिर्फ एक ट्रिप नहीं बल्कि एक यादगार एक्सपीरियंस है, जो जिंदगी भर आपके साथ रहेगा।

**हाउसबोट स्टे**

बता दें कि हाउसबोट एक लग्जरी नाव होती है, जो केरल के बैकवॉटर्स में तैरती है। इसमें आपको होटल जैसी सुविधाएं मिलती हैं। हाउसबोट में बाथरूम, बेडरूम, डाइनिंग एरिया और कभी-कभी प्राइवेट बालकनी भी मिलती है। आपको सबसे फेमस हाउसबोट स्टे अलेप्पी और कुमारकोम में मिलता है।

**कपल्स के लिए बेस्ट हैं केरल के हाउसबोट**

आपको केरल के हाउसबोट में भीड़भाड़ से दूर पूरी प्राइवेसी मिलती है। जहां पर सिर्फ आप, आपका पार्टनर और चारों ओर फैला पानी और हरियाली।

सुबह की ठंडी हवाएं और शाम का सुनहरा सनसेट और रात को पानी पर गिरती चांद की रोशनी, यह सब मिलकर इस जगह को एक परफेक्ट रोमांटिक गेटवे बना देता है।

**स्वादिष्ट केरल फूड का लुत्फ लें**

आपको हाउसबोट पर ताजा बना हुआ केरल का ट्रेडिशनल खाना परोसा जाता है।

अप्पम और स्टू

केरला फिश करी

नारियल से बनी सब्जी

इसके अलावा कई हाउसबोट्स में आपको कैंडल लाइट डिनर का भी ऑप्शन मिल जाएगा।

**लग्ज़री सुविधाएं**

एसी बेडरूम

प्राइवेट डेक

अटैच बाथरूम

24x7 स्टाफ सर्विस

इसके अलावा कुछ प्रीमियम हाउसबोट्स में आपको जकूजी और हनीमून डेकोरेशन भी मिलता है।

**फोटो और वीडियो**

केरल का हाउसबो स्टे कपल के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। आपको यहां पर हर मोड़ पर एक परफेक्ट फोटो स्पॉट मिलेगा।

**बेस्ट टाइम**

यहां पर आने का सबसे अच्छा समय अक्तूबर से मार्च के बीच होता है। वहीं आप मानसून में भी यहां पर आ सकते हैं। मानसून में आपको कम रेट में हाउसबोट, रोमांटिक माहौल और हरियाली देखने को मिलेगी।

**हाउसबोट स्टे की कीमत**

नॉर्मल हाउसबोट - 8,000 से 12,000 रुपये/रात

लग्ज़री कपल हाउसबोट - 15,000 रुपये से 30,000 रुपये/रात

वहीं इसकी कीमत सीज़न और सुविधाओं पर निर्भर करती है।

**फॉलो करें जरूरी टिप्स**

सबसे जरूरी है कि आप पहले से बुकिंग कर लें।

कपल्स अपने लिए 'प्राइवेट हाउसबोट' चुनना चाहिए।

वहीं सनसेट टाइम डेक पर जरूर बिताएं।

# IRCTC का शानदार Goa Tour Package: सिर्फ R.15,000 में करें गोवा की सैर, रहना-खाना भी शामिल



भारतीय रेलवे (IRCTC) ने चंडीगढ़ से गोवा के लिए एक किफायती रेल टूर पैकेज पेश किया है, जिसकी कीमत दो लोगों के लिए प्रति व्यक्ति 15,100 रुपये से शुरू होती है। इस 6-दिवसीय पैकेज में 3AC/SL ट्रेन टिकट, 3 रात होटल में रुकने की सुविधा, नाश्ता और स्थानीय सैर-सपाटा शामिल है।

अगर आप भी गोवा में घूमने का प्लान कर रहे हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। भारतीय रेलवे ने गोवा टूर पैकेज जारी किया है। कम बजट में आप गोवा के बीचेस का मजा ले सकते हैं। इस पैकेज में आपको ट्रेन से ही यात्रा कराए जाएगी।

यदि आप चंडीगढ़ या उसके आसपास के क्षेत्र में रहते हैं और मार्च में उर्दई घूमने की योजना बना रहे हैं, तो इस विशेष पैकेज के जरिए अपनी यात्रा व्यवस्थित कर सकते हैं। हालांकि, इस टूर का लाभ उठाने के लिए पहले आपको चंडीगढ़ पहुंचना जरूरी होगा, क्योंकि ट्रेन की सुविधा यहीं से उपलब्ध है। इस पैकेज में शामिल सुविधाओं और व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी हम आपको विस्तार से बताएंगे। यदि यह ऑफर आपको उपयुक्त लगे, तो आप इसकी बुकिंग भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन कर सकती हैं।

**पैकेज से जुड़ी जानकारी**

- इस पैकेज की शुरुआत चंडीगढ़ से 7 मार्च से हो रही है।
- पैकेज 5 रात और 6 दिनों का है, आप ट्रेन से यात्रा करेंगी, इसलिए इस पैकेज में आधा सफर ट्रेन में भी जाएगा।
- पैकेज शुरू हो जाने के बाद आप हर शनिवार इसके लिए टिकट बुक कर सकते हैं।
- इस पैकेज का नाम CHANDIGARH TO GOA RAIL TOUR PACKAGE है। पैकेज नाम सर्च करके सारी डिटेल्स पढ़ सकते हैं।
- पैकेज में गोवा घूमने के लिए आपको शेयरिंग कैब की सुविधा भी दी जाएगी।

**जानें पैकेज फीस की कीमत**

- अगर आप अकेले यात्रा कर रहे हैं, तो आपको 22,780 रुपये देने होंगे, लेकिन 2 लोगों के साथ यात्रा करने पर पैकेज फीस कम है।
- 2 लोगों के साथ यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति पैकेज फीस 15,100 है।
- 3 लोगों के साथ यात्रा करने पर पैकेज फीस और भी ज्यादा कम होती है, इसमें प्रति व्यक्ति 14,290 रुपये देने होंगे।
- बच्चों के साथ यात्रा करने पर पैकेज फीस 10,420 रुपये है।
- आप भारतीय रेल की आधिकारिक वेबसाइट से टिकट बुकिंग कर सकते हैं।

पैकेज में क्या-क्या सुविधाएं मिलेंगी

-3AC/SL श्रेणी में ट्रेन का आरक्षण पक्का मिलेगी। इसका मतलब है सीट कंफर्म मिलेगी।
- यात्रा के समय सड़क परिवहन और पिंक एंड ड्रॉप सुविधा का खर्च भी पैकेज फीस में शामिल होगा।
- बोट क्रूज में भी सफर करवाया जाएगा, इसका खर्च भी पैकेज फीस में शामिल है।
- इसके साथ ही 3 रातों के लिए होटल की सुविधा दी जाएगी।
- 3 दिन नाश्ता मिलेगा,लंच और डिन के पैसे अलग से देने होंगे।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762


मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology) CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/139-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, सिज़ोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ों की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ MBBS,DPM, MD Neuropsychiatrist
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF.: SHOP No-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010